# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी परबतसर (नागौर) राज.

## पीठासीन अधिकारी :– शिवपाल जाट, आर.ए.एस.

प्रार्थीगण :– बनाम अप्रार्थीगण

सुनगलाल पुत्र प्रभूराम माली
निवासी परबतसर

1. तहसीलदार, परबतसर
2. पटवारी हलक परबतसर

प्रार्थना पत्र बाबत :– अन्तर्गत धारा 136 एल.आर.एक्ट

मुकदमां नम्बर :– 2022/22

आदेश दिनांक :– 24/3/22

आदेश

प्रार्थी की आरे से प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया है कि ग्राम परबतसर के खसरा नम्बर 709 रकबा 2.7233 हैक्टयर में प्रार्थी के नाम खातेदारी दर्ज है। जिसमें राजस्व कर्मचारियो ने प्रार्थी की जाति माली के स्थान पर जाट अंकित कर दी जो गलत है। प्रार्थी के अन्य दस्तावेजो एवं राजस्व रिकार्ड में नाम में भिन्नता होने से प्रार्थी को भारी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। जिससे राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी जाति सही दर्ज कर राजस्व रिकार्ड दुरूस्त करने का निवेदन किया है।

प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र को स्वीकार कर सम्बन्ध में अप्रार्थीगण एवं राजपैरोका तहसीलदार परबतसर ने इकबालिया जबाब / राजीनामा पेश कर प्रार्थीगण के प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए प्रार्थीगण का सही नाम दर्ज किया जाकर राजस्व रिकार्ड दुरूस्त किया जाता है तो अप्रार्थीगण / राजपैरोकार तहसीलदार परबतसर को कोई आपत्ति नहीं होना स्वीकार किया है। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत सभी दस्तावेजात से भी प्रार्थी की जाति माली अंकित है तथा गत जमाबन्दी की प्रति पेश की है जिसमें भी प्रार्थी की जाति माली दर्ज रिकार्ड है। जिससे प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किये जाने योग्य है।

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल.आर.एक्ट स्वीकार किया जाकर आदेश दिया जाता है कि ग्राम परबतसर के खसरा नम्बर 709 रकबा 2.7233 हैक्टयर भूमि में प्रार्थी सुगनलाल पुत्र प्रभूराम जाति जाट के स्थान पर सुगनलाल पुत्र प्रभूराम जाति माली दर्ज कर राजस्व रिकार्ड दुरूस्त किया जावे। तहसीलदार परबतसर को तहरीर जारी हो।

24/3/22
(शिवपाल जाट)
उपखण्ड अधिकारी
परबतसर

उपखण्ड अधिकारी
परबतसर (नागौर)